## महमूद गजनी

1. वह तुर्क सरदार, जो गजनी साम्राज्य का संस्थापक था–
(अ) महमूद गजनी (ब) अलप्तगीन
(स) मुहम्मद गौरी (द) मुहम्मद बिन कासिम
उत्तर : (ब)

2. गजनी साम्राज्य के संस्थापक अलप्तगीन का गुलाम तथा दामाद था–
(अ) महमूद गजनी (ब) मुहम्मद बिन कासिम
(स) मुहम्मद गौरी (द) अलप्तगीन
उत्तर : (द)

3. महमूद गजनी के पिता का नाम था–
(अ) सुबुक्तगीन (ब) अलप्तगीन
(स) मुहम्मद गौरी (द) मुहम्मद बिन कासिम
उत्तर : (अ)

4. अपने पिता के काल में महमूद गजनी कहाँ का शासक था ?
(अ) खुरासन (ब) कालिंजर
(स) गीर (द) सिन्ध
उत्तर : (अ)

5. महमूद गजनी ने भारत पर कितनी बार आक्रमण किया ?
(अ) 16 (ब) 17
(स) 18 (द) 15
उत्तर : (ब)

6. महमूद गजनी ने भारत पर अपना पहला आक्रमण कब किया था ?
(अ) 1008 ई. में (ब) 1001 ई. में
(स) 1025 ई. में (द) 1027 ई. में
उत्तर : (ब)

7. महमूद गजनी ने भारत पर अपना पहला आक्रमण 1001 ई. में किसके विरुद्ध किया था ?
(अ) पृथ्वीराज चौहान (ब) जयपाल
(स) दाहिर (द) भीम द्वितीय
उत्तर : (ब)

8. महमूद गजनी ने भारत पर अपना पहला आक्रमण 1001 ई. में जयपाल के विरुद्ध किया, जिसमें पराजय हुई थी–
(अ) जयपाल की
(ब) महमूद गजनी की
(स) युद्ध अनिर्णायक रहा
(द) संधि के साथ युद्ध समाप्त हुआ
उत्तर : (ब)

9. महमूद गजनी का 1008 ई. में नगरकोट के विरुद्ध हमले को किसके विरुद्ध पहली महत्वपूर्ण जीत बताया है ?
(अ) मूर्तिवाद के विरुद्ध
(ब) सनातन धर्म के विरुद्ध
(स) हिन्दू राजाओं के विरुद्ध
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

10. किस मुस्लिम शासक ने थानेसर के चक्रस्वामिन की कांस्य निर्मित आदमकद प्रतिमा को गजनी भेजकर रंगभूमि में रखवाया ?
(अ) महमूद गजनी (ब) मुहम्मद बिन कासिम
(स) मुहम्मद गौरी (द) अलप्तगीन
उत्तर : (अ)

11. महमूद गजनी का सबसे चर्चित आक्रमण था–
(अ) 1025 ई. में सोमनाथ मंदिर (सौराष्ट्र) पर
(ब) 1008 ई. में नगरकोट के विरुद्ध
(स) 1027 ई. में जाटों के विरुद्ध
(द) 1001 ई. में जयपाल के विरुद्ध
उत्तर : (अ)

12. महमूद गजनी के 1025 ई. में सोमनाथ मंदिर (सौराष्ट्र) पर आक्रमण के दौरान सोमनाथ मंदिर की लूट में उसे करीब कितनी कीमत की संपत्ति हाथ लगी ?
(अ) 25 लाख दीनार (ब) 20 लाख दीनार
(स) 15 लाख दीनार (द) 21 लाख दीनार
उत्तर : (ब)

13. सोमनाथ मंदिर लूट कर ले जाने के क्रम में महमूद गजनी पर...............ने आक्रमण किया था और कुछ सम्पत्ति लूट ली थी।
(अ) बंजारों ने (ब) राजपूतों ने
(स) जाटों ने (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

14. महमूद गजनी का अन्तिम भारतीय आक्रमण था–
(अ) 1027 ई. में जाटों के विरुद्ध
(ब) 1025 ई. में सोमनाथ मंदिर पर
(स) 1008 ई. में नगरकोट के विरुद्ध
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

15. महमूद गजनी की मृत्यु हुई थी–
(अ) 1028 ई. में (ब) 1030 ई. में
(स) 1027 ई. में (द) 1031 ई. में
उत्तर : (ब)

16. 'अलबरूनी' किसके दरबार में रहते थे ?
(अ) महमूद गजनी (ब) शाहजहाँ
(स) मुहम्मद गौरी (द) अकबर
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

17. 'फिरदौसी' किसके दरबार में रहते थे ?
(अ) महमूद गजनी (ब) शाहजहाँ
(स) मुहम्मद गौरी (द) अकबर
उत्तर : (अ)

18. 'उत्बी' किसके दरबार में रहते थे ?
(अ) महमूद गजनी (ब) शाहजहाँ
(स) मुहम्मद गौरी (द) अकबर
उत्तर : (अ)

19. 'फरूखी' किसके दरबार में रहते थे ?
(अ) महमूद गजनी (ब) शाहजहाँ
(स) मुहम्मद गौरी (द) अकबर
उत्तर : (अ)

20. बगदाद का खलीफा अल आदिर बिल्लाह ने महमूद गजनी के पद को मान्यता प्रदान करते हुए उपाधि दी थी–
(अ) यमीन–उद्–दौला
(ब) यमीन–ऊल–मिल्लाह
(स) उपर्युक्त दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

21. गजनी का वह प्रथम शासक कौन था, जो खलीफाओं से 'सुल्तान' की उपाधि धारण ग्रहण कर सुल्तान कहलाने वाला प्रथम शासक बना ?
(अ) सुबुक्तगीन (ब) महमूद गजनवी
(स) मुहम्मद गौरी (द) अलप्तगीन
उत्तर : (ब)
व्याख्याः– महमूद गजनी खुरासन का शासक था। महमूद गजनी ने भारत पर 17 बार आक्रमण किये थे। बगदाद का खलीफा अल–आदिर बिल्लाह ने महमूद गजनी के पद को मान्यता प्रदान करते हुए उसे 'यमीन–उद्–दौला' एवं 'यमीन–ऊल–मिल्लाह' की उपाधि दी। 'सुल्तान' की उपाधि घारण करने वाला प्रथम शासक महमूद गजनी था।

22. महमूद गजनवी के सभी आक्रमणों (1000 ई. से 1026 ई. के मध्य) में सर्वाधिक महत्वपूर्ण आक्रमण कौन सा था ?
(अ) मुल्तान भटिंडा पर आक्रमण (1004 ई.)
(ब) नारायणपुर पर आक्रमण (1002 ई.)
(स) सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण (1025–26 ई.)
(द) कालिंजर पर आक्रमण (1019–23 ई.)
उत्तर : (स)
व्याख्या– महमूद गजनवी के सभी आक्रमणों (1000 ई. से 1026 ई. के बीच) में सर्वाधिक महत्वपूर्ण आक्रमण 1025 ई. में किये गये सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण था।

23. महमूद गजनवी के भारत पर आक्रमण का उद्देश्य क्या था ?
(अ) इस्लाम का प्रचार
(ब) गजनी साम्राज्य का विस्तार
(स) मूर्तियों को तोड़ना एवं मंदिरों को लूटना
(द) मध्य एशिया में एक बड़े साम्राज्य की स्थापना के लिए धन प्राप्त करना
उत्तर : (द)
व्याख्या– महमूद गजनवी मध्य अफगानिस्तान में केन्द्रित गजनवी वंश का महत्वपूर्ण शासक था, जो पूर्वी ईरान में साम्राज्य विस्तार के लिए जाना जाता है। महमूद गजनवी के भारत पर आक्रमण का उद्देश्य मध्य एशिया में एक बड़े साम्राज्य की स्थापना के लिए धन प्राप्त करना था। भारत में इस्लाम लाने और आक्रमण के दौरान लूटपाट मचाने के कारण भारतीय हिन्दू समाज में उसको एक लुटेरे आक्रांता के रूप में जाना जाता है।

24. महमूद गजनवी के भारत पर आक्रमण के समय भारत आये विद्वान अलबरूनी ने किस महत्वपूर्ण ग्रंथ की रचना की ?
(अ) किताब–उल–खिराज
(ब) किताब–उल–हिन्द
(स) किताब–उल–रेहला
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)
व्याख्या– अलबरुनी महमूद गजनवी के साथ भारत आया था। अलबरुनी ख्वारिज्म या खीव (आधुनिक तुर्कममेनिस्तान) का रहने वाला था। अरबी में लिखी गई उसकी कृति 'किताब–उल–हिन्द या तहकीक–ए–हिन्द (भारत की खोज)' आज भी इतिहासकारों के लिए एक महत्वपूर्ण स्रोत है। यह एक विस्तृत ग्रंथ है जो धर्म और दर्शन, त्यौहारों, खगोल विज्ञान, कीमिया, रीति–रिवाजों तथा प्रथाओं, सामाजिक जीवन, भार–तौल तथा मापन विधियों, मूर्तिकला, कानून, मापतंत्र विज्ञान आदि विषयों के आधार पर 80 अध्यायों में विभाजित है। इसमें राजपूत–कालीन समाज, धर्म, रीति–रिवाज, राजनीति आदि पर सुन्दर प्रकाश डाला गया है।

25. भारत पर आक्रमण करने वाला प्रथम अरबी/मुस्लिम शासक कौन था ?
(अ) महमूद गजनवी (ब) मुहम्मद गौरी
(स) चंगेज खाँ (द) तैमूर लंग
उत्तर : (अ)

26. महमूद गजनी किस वंश का था ?
(अ) यामिनी (ब) गुलाम
(स) खिलजी (द) तुगलक
उत्तर : (अ)

27. निम्नलिखित में से कौन अपने को 'बुतशिकन' (मूर्तिभंजक) कहता था ?
(अ) महमूद गजनवी (ब) मुहम्मद गौरी
(स) कुतुबुद्दीन ऐबक (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

28. महमूद गजनवी ने भारत में प्रथम आक्रमण किस राज्य के विरुद्ध किया ?
(अ) हिन्दूशाही / ब्राह्मणशाही
(ब) काठियावाड़ के सोलंकी
(स) अलवर
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

29. महमूद गजनवी का भारत में अंतिम आक्रमण किसके विरुद्ध हुआ ?
(अ) तोमर (ब) प्रतिहार
(स) सोलंकी (द) जाट
उत्तर : (द)

30. महमूद गजनवी के साथ भारत आने वाले इतिहासकारों में कौन शामिल नहीं था ?
(अ) 'शाहनामा' का लेखक फिरदौसी
(ब) 'किताब–उल–हिन्द' का लेखक अलबरूनी
(स) 'तारीख–ए–यामिनी'' का लेखक उत्बी
(द) 'तारीख–ए–सुबुक्तगीन का लेखक वैहाकी
उत्तर : (अ)

31. महमूद गजनवी के आक्रमण के परिणामस्वरूप कौन–सा शहर फारसी संस्कृति का केन्द्र बन गया ?
(अ) लाहौर (ब) दिल्ली
(स) दौलताबाद (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

32. वैहिन्द का युद्ध (1008–1009 ई.) निम्नलिखित में किनके बीच लड़ा गया ?
(अ) महमूद गजनवी और आनंदपाल
(ब) महमूद गजनवी और जयपाल
(स) मुहम्मद गौरी और पृथ्वीराज चौहान
(द) मुहम्मद गौरी और जयचंद
उत्तर : (अ) NDA 2003

33. महमूद गजनवी ने कौन–से उपाधि धारण किए ?
(अ) यामिन–उद्–दौला (साम्राज्य का दाहिना हाथ)
(ब) अमीन–उल–मिल्लत (मुसलमानों का संरक्षक)
(स) (अ) और (ब) दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com